## भारतीय भाषा संस्थान

**(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग, भारत सरकार)**

मानसगंगोत्री, मैसूरु-570006, कर्नाटक

### राष्ट्रीय अनुवाद मिशन में परियोजना निदेशक की नियुक्ति

भारतीय भाषा संस्थान, मैसूरु के अधीन संचालित एवं मैसूरु में स्थित "राष्ट्रीय अनुवाद मिशन" के लिए संविदा और नियत एकीकृत मासिक वेतन के आधार पर परियोजना निदेशक के पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। इस नियुक्ति की अवधि एक वर्ष की होगी जिसे वार्षिक समीक्षा के आधार पर अधिकतम तीन वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।

इस पद के उत्तरदायित्वों, शैक्षणिक योग्यताओं व अनुभवों आदि के बारे में विशेष जानकारी के लिए तथा आवेदन करने के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइटों http://www.ciil.org अथवा http://www.ntm.org पर जाएँ और Announcement (New) को देखें। आवेदन करने की अंतिम तिथि 19 दिसंबर 2016 है।

**05 दिसंबर 2016** **सहायक निदेशक (प्रशा.), भा.भा.सं.**

# भारतीय भाषा संस्थान

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग,
भारत सरकार, मानसगंगोत्री, मैसूरु-570006

## राष्ट्रीय अनुवाद मिशन में परियोजना निदेशक की नियुक्ति

भारतीय भाषा संस्थान (सी.आई.आई.एल.), मैसूर के अधीन कार्यरत **राष्ट्रीय अनुवाद मिशन (एनटीएम)** हेतु **परियोजना निदेशक** की आवश्यकता है, जिनके निर्देशन में मिशन अपने उद्देश्यों एवं लक्ष्यों को प्राप्त कर सके। एन.टी.एम. भारत सरकार की पहल है, जिसके अंतर्गत भारत के संविधान की आठवीं अनुसूचि में दर्ज 22 भाषाओं में ज्ञान पाठ का अनुवाद करना है। इस प्रकार यह ज्ञान के लोकतंत्रीकरण का एक प्रयास है जिससे ज्ञान को उन लोगों के लिए सुलभ बनाया जा सके जिन्हें अंग्रेजी भाषा में इसे प्राप्त करने में कठिनाई होती है। साथ ही इसका उद्देश्य भारतीय भाषाओं का आधुनिकीकरण भी है ताकि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उनके विकास को सुनिश्चित किया जा सके। राष्ट्रीय अनुवाद मिशन मुद्रित एवं इलेक्ट्रानिक रूपों में अनुवाद के उपकरणों के निर्माण का भी इच्छुक है। साथ ही यह संस्था सक्षम व्यक्तियों की पहचान करके उन्हें अनुवाद से जुड़ी गतिविधियों में शामिल भी करना चाहती है।

परियोजना निदेशक का कार्यस्थल भारतीय भाषा संस्थान परिसर में स्थित राष्ट्रीय अनुवाद मिशन के मुख्यालय में होगा और उसे इस मिशन के केंद्रक अधिकारी निदेशक, भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर को प्रतिवेदित करना होगा। वह अनुवाद के लक्ष्यों को निर्धारित करने और उत्पादों को तैयार करने में सहायता करेगा और यह भी सुनिश्चित करेगा कि इस प्रतिक्रिया में सम्मिलित लोग गुणवत्ता के उच्च स्तरों के अनुरूप प्रभावी ढंग से कार्य करें। इस पद से जुड़ी हुई वित्तीय जिम्मेवारियाँ, योजना बनाने और विभिन्न गतिविधियों के लिए बजट बनाने तक सीमित रहेंगी। उसे अनुवाद मिशन के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए अन्य सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं, शैक्षिक संस्थानों और प्रकाशन गृहों आदि के संपर्क में भी रहना होगा।

परियोजना निदेशक पद पर एक वर्ष के लिए अनुबंध पर नियुक्ति की जायेगी जिसे वार्षिक समीक्षा के आधार पर अधिकतम तीन वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। इसका समेकित वेतन रु. 75,000/- (रुपये पचहत्तर हजार मात्र) प्रतिमाह निर्धारित है। ऐसे योग्य उम्मीदवारों की आयु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को 62 वर्ष से कम होनी चाहिए। आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि **19 दिसंबर 2016 है।**

**अनिवार्य योग्यताएँ :** भाषा विज्ञान/साहित्य/अनुवाद में पी-एच.डी. साथ ही शोध/शिक्षण कार्य में न्यूनतम 10 वर्षों का अनुभव और किसी भी ख्याति प्राप्त संगठन अथवा शैक्षिक संस्थान में कम से कम 5 वर्ष का प्रशासनिक अनुभव।

**वांछनीय :** आइपीआर, कॉपीराइट मामलों और प्रकाश संबंधी गतिविधियों का ज्ञान।

इच्छुक अभ्यर्थी अपने हस्ताक्षर से युक्त आवेदन पत्र के साथ विस्तृत जीवन-वृत्त, प्रकाशन सूची, प्रकाशन कार्य का प्रतिदर्श आदि, **निदेशक, भारतीय भाषा संस्थान, मानसगंगोत्री, हुणसूर रोड, मैसूर-570006** के पते पर भेज सकते हैं। आवेदन-पत्र स्वयं अथवा पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट से **19 दिसंबर 2016** को या उससे पूर्व संस्थान के कार्यालय में प्राप्त हो जाना चाहिए। आवेदन प्रपत्र को डाउनलोड कर वर्ड फॉर्मेट में भरना है। मुद्रण अच्छे कागज पर लेना है। एक्जिक्यूटिव बॉण्ड ए-4 कागज में मुद्रण लेना श्रेयस्कर होगा। आवेदन-पत्र के लिफाफे पर स्पष्ट रूप से लिखें – **"परियोजना निदेशक, एन.टी.एम. पद हेतु आवेदन-पत्र"।** यदि कोई किसी सेवा में कार्यरत हैं, तो उन्हें अपना आवेदन नियोक्ता के माध्यम से भेजना चाहिए साथ ही अग्रिम प्रति भी भेजें जिससे आवेदन अंतिम तिथि से पूर्व प्राप्त हो जाए।

**विशेष द्रष्टव्य :**

जो लोग इस संस्थान के दिनांक 14 जुलाई 2016 वाले विज्ञापन के आधार पर आवेदन कर चुके हैं उन्हें फिर से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। उनके आवेदनों को भी वर्तमान विज्ञापन के आलोक में प्राप्त आवेदनों के साथ ही प्रक्रमणित किया जाएगा। लेकिन ऐसे व्यक्ति अपनी उम्मीदवारी से संबंधित अतिरिक्त सूचना (यदि कोई हो तो) इस विज्ञापन में वर्णित अंतिम तिथि तक या उससे पूर्व भेज सकते हैं।

**दिनांक – 05 दिसंबर 2016** **सहायक निदेशक (प्रशासन) भाभासं.**

## नियम एवं शर्तें

01. साक्षात्कार में सम्मिलित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा /दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।
02. मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्‌वारा गठित चयन समिति के द्‌वारा परियोजना निदेशक, एन.टी.एम. की नियुक्ति की जायेगी।
03. परियोजना निदेशक का नियुक्ति अधिकारी निदेशक, भारतीय भाषा संस्थान होगा, साथ ही उनके पास उसके निष्कासन का अधिकार भी होगा, यदि उसका सेवा कार्य असंतोषजनक हो अथवा वह कदाचार अथवा वित्तीय दुर्विनियोजन का दोषी पाया जाय।
04. किसी भी योग्य उम्मीदवार के संदर्भ में किसी भी मानदंड में परिवर्तन करने का अंतिम अधिकार सक्षम पदाधिकारी के पास होगा।

**05. परियोजना निदेशक के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व**

(i) यद्यपि राष्ट्रीय अनुवाद मिशन का परियोजना निदेशक उसका प्रधान होगा किंतु उसे मिशन के कार्यक्रमों को कार्यान्वियन की बावत निदेशक, भारतीय भाषा संस्थान को प्रतिवेदित करना होगा। क्योंकि भारत सरकार के नियमों के अनुसार एनटीएम के वित्तीय एवं प्रशासनिक मामलों के लिए निदेशक, भारतीय भाषा संस्थान इस परियोजना के केंद्रक अधिकारी और आवंटन अधिकारी हैं।

(ii) राष्ट्रीय अनुवाद मिशन के परियोजना निदेशक केंद्रक पदाधिकारी की ओर से इस परियोजना की सलाहकार समिति के निर्णयों को लागू करेंगे, उसका परिवेक्षण और अनुवीक्षण करेंगे। परियोजना निदेशक से यह अपेक्षा की जाती है कि प्रत्येक माह की 03 तारीख या उसके बाद आनेवाले कार्यदिवस को वे परियोजना से संबंधित मासिक प्रगति प्रतिवेदन केंद्रक पदाधिकारी को प्रस्तुत करेंगे।

(iii) परियोजना निदेशक उपसमितियों तथा परियोजना सलाहकार समिति की बैठकों का आयोजन केंद्रक पदाधिकारी के अनुमोदन से करेंगे।

(iv) राष्ट्रीय अनुवाद मिशन के परियोजना निदेशक इसका बजट भी तैयार करेंगे।

(v) राष्ट्रीय अनुवाद मिशन के परियोजना निदेशक इसके अभिलेखों, प्रकाशनों, ई-प्रकाशनों एवं मिशन तथा सी.आई.आई.एल. की अन्य परिसंपत्तियों, जो उनके कार्यभार में दी जायेंगी, के अभिरक्षक होंगे।

(vi) राष्ट्रीय अनुवाद मिशन के परियोजना निदेशक संविदाओं, सहकार के आशयों, सहमति पत्रों एवं कार्यों आदि के लिए आधारभूत कार्य एवं पत्राचार करेंगे।

(vii) राष्ट्रीय अनुवाद मिशन के परियोजना निदेशक, केंद्रक पदाधिकारी द्‌वारा समय-समय पर दिए गए अन्य उत्तरदायित्वों का भी निर्वाहन करेंगे।

**दिनांक** – 05 दिसंबर 2016 **सहायक निदेशक (प्रशासन) भाभासं.**